B **609**

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

वार्षिक मूल्यांकन 2017-18

कक्षा-6 **हिंदी** **समय: 2 घंटे**

सामान्य निर्देश-
- ❖ पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ❖ प्रश्न-पत्र ध्यान से पढ़ें।
- ❖ छह गतिविधियों में से किन्हीं **पाँच** का उत्तर लिखें।

गतिविधि-1

सूचना : कविताँश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

बादल राजा, बादल राजा,
जल्दी से पानी बरसा जा।
नन्हे मुन्ने तरस रहे हैं,
दुनिया की तू प्यास बुझा जा।
फूल और पत्ते बुला रहे हैं,
धरती की तू प्यास बुझा जा।
बादल राजा, बादल राजा,
जल्दी से पानी बरसा जा।

(तरस- प्यास)

क) फूल और पत्ते किसे बुला रहे हैं?

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

ग) कविताँश के लिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि-2

सूचना: 'नन्हा उल्लू' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

जब सूरज निकला तो उसने देखा कि समुद्र अब भी लहरों से भरा हुआ था।
वह अम्मा के पास लौट आया।
"तो कितनी लहरें हैं समुद्र में?" अम्मा ने पूछा।
"इतनी कि मैं गिन भी नहीं सकता।"
नन्हा उल्लू आँखें मिचमिचाते हुए बोला।

क) सूरज के निकलने पर नन्हा उल्लू ने क्या देखा?
ख) नन्हा उल्लू और अम्मा उल्लू के प्यार पर **टिप्पणी** लिखें।

गतिविधि-3

सूचनाः 'मार्च' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> मेरे घर के सामने नीम का पेड़ था। उसकी आधी टहनियाँ घर में घुसी चली आती थीं। नीम शरारतन घर की तरफ़ ज्यादा फैलता। उसकी गिलहरियाँ और कौए घर में बेहिचक आते-जाते रहते। हमें लगता कि उनका ही तो घर है जिसमें हम रहने चले आए।

क) 'हमें लगता कि उनका ही तो घर है जिसमें हम रहने चले आए।'- इससे लेखक का तात्पर्य क्या है?

- भूमि केवल मनुष्य के लिए है।
- भूमि सभी जीव-जंतुओं के लिए है।
- भूमि केवल जानवरों के लिए है।
- भूमि केवल पक्षियों के लिए है।

ख) 'मार्च' संस्मरण संबंधी अपने विचारों को जोड़कर लेखक सुशील शुक्ल के नाम **पत्र** लिखें।

गतिविधि-4

सूचनाः 'ज़मीं को जादू आता है' कविता का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> अनारों, बैरों और आमों में, सेबों में,
> सभी मीठों में भी मीठे अलग हैं,
> कि पत्ते खाओ तो फीके हैं और फल मीठे लगते हैं।
> मौसंबी मीठी है तो नींबू खट्टा है !
> यकीनन जादू आता है!!
> वगर न बाँस फीका, सख्त, और गन्नों में रस क्यों है?
> **-गुलज़ार**

क) 'सभी मीठों में भी मीठे अलग हैं' इससे आपने क्या समझा?
ख) कवितांश की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें।

गतिविधि-5

सूचना: यह गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

लंबी गर्मियों के बाद बारिश बस आने को है। बारिश का इंतज़ार केवल मनुष्य को नहीं- पेड़-पौधों, बीजों सभी को है। बारिश के आते ही ज़मीन में सोए पड़े छोटे-मोटे पौधे जाग उठते हैं और पनपने लगते हैं।

क) गर्मियों के बाद सब जीव-जंतुओं को किसका इंतज़ार था?

ख) बारिश के आने पर प्रकृति के बदलावों पर **विवरण** तैयार करें।

गतिविधि-6

सूचना: समाचार का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

जैव-विविधता उद्यान का उद्घाटन

कोल्लम : कोल्लम के कोट्टियम सरकारी यू पी स्कूल में मार्च 15 को जैव-विविधता उद्यान का उद्घाटन हो रहा है। इस सिलसिले में स्कूल में आयोजन समिति की बैठक हुई। उद्यान का उद्घाटन मलयालम के मशहूर कहानीकार बेन्यामिन करेंगे। पर्यावरण संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

क) मार्च 15 को सरकारी यू पी स्कूल कोट्टियम में किसका उद्घाटन होने वाला है?

ख) इस समारोह के लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।